# पेट्रोल किल्लत की अफवाह से पेट्रोल पंपों में उमड़ी वाहनों की भीड़

## टैंक फुल कराने पहुंचे लोग, लगी रही लम्बी कतार, व्यवस्था बनाने में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, ईरान-इजराइल के बीच जारी युद्ध का असर अब सभी जगह दिखने लगा है. रीवा में भी पेट्रोल-डीजल की कमी के अफवाहों के बीच पेट्रोल पम्पों में वाहनो की भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह से पम्पों में शुरू हुई भीड़ शाम होते-होते और ज्यादा बढ़ गई. हालात यह हो गये कि पेट्रोल पम्पों के साथ सड़को पर जाम की स्थित निर्मित हो गई. यहा तक की व्यवस्था बनाने पुलिस को मोर्चा सम्भालना पड़ा.**





रीवा जिले में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहों ने हडकंप मचाकर रख दिया. सोशल मीडिया में फैल रही भ्रामक खबरो से पेट्रोल पंपों में लोगों की भीड़ बढने लगी है. बताया जा रहा है कि यह स्थित शहर के कुछ पेट्रोल पंपों में पैट्रोल डीजल के खत्म होने के बाद निर्मित हुई है, जिसके चलते अब अन्य पेट्रोल पंपों में लोगों की भीड देखी जा रही है. हालाकि पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि ईधन की कहीं भी कमी नहीं है, उनके पास ईधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और सप्लाई भी लगातार जारी है, इसके बावजूद लोग टैंक फुल करवा रहे है जिससे कुछ जगहों पर अव्यवस्था की स्थिति बन गई है. वही लोगो में चर्चा रही कि मसक्कत के बाद भी पम्पों में सिर्फ सौ रूपये का ही पेट्रोल दिया जा रहा है. जैसे-जैसे पेट्रोल के कमी की खबर लोगो तक पहुंची तो लोग अपने वाहनो को लेकर सीधे पम्पों में पहुंच गये और लाइन में लग गये. हालत यह बन गये कि व्यवस्था बनाने पुलिस तक पहुंच गई. देर रात तक लोग पेट्रोल पम्पो में तेल के लिये परेशान होते रहे.

**कई जगहों पर लगा जाम -** पेट्रोल कमी की अफवाह इस कदर फैली की पम्पों में वाहनों की भीड़ उमड़ पड़ी. जिसकी वजह से कई जगहो पर जाम की स्थित निर्मित हुई. झिरिया, खुटेही, न्यू बस स्टैण्ड सहित शहर के अधिकतर पेट्रोल पम्पों और उनसे लगी सड़को पर जाम लग गया. जिसके चलते लोग परेशान होते रहे और पेट्रोल पम्प तक पहुंचने के लिये मसक्कत करते रहे. इसकी सूचना मिलते ही यातायात सहित थानों की पुलिस पहुंची और जाम खुलवाने में जुट गई. कई घंटो तक जाम के हालात बने रहे.




# गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और जमाखोरी पर हुई कार्यवाही, 19 सिलेंडर जब्त

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 25 मार्च, मऊगंज जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की गयी है.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देश पर संयुक्त जांच दल ने औचक निरीक्षण कर गैस व्यापारी विष्णु गुप्ता के दुकान सह गोदाम में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखे गए 19 गैस सिलेंडरों को जब्त किया.

संयुक्त जांच दल को बरहटा मोड़ के समीप स्थित विष्णु गुप्ता के दुकान सह गोदाम में अवैध रूप से गैस सिलेंडर भंडारित किए जाने की सूचना मिलने पर जांच दल ने उनके परिसर में संचालित दुकानों सह गोदाम की जांच की. जांच के दौरान परिसर में कुल 19 घरेलू गैस सिलेंडर अनाधिकृत रूप से भंडारित पाए गए.कार्रवाई के दौरान विभिन्न गैस कंपनियों के सिलेंडर जब्त किए गए. जिनमें एचपीसीएल के 1 खाली सिलेंडर, आईओसीएल के 15 खाली सिलेंडर तथा बीपीसीएल के 03 सिलेंडर खाली शामिल हैं. सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से जब्त सामग्री को शिवम एचपी गैस एजेंसी के सुपुर्दगी में रखा गया है.

सहायक आपूर्ति अधिकारी अनिल गुप्ता ने बताया कि विष्णु गुप्ता के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण तैयार कर न्यायालय कलेक्टर मऊगंज में प्रस्तुत किया जाएगा. संयुक्त जांच दल में नायब तहसीलदार नीरज दुबे, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनिल गुप्ता, मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारती शामिल रहे.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 26 मार्च को सुबह 5 .40 बजे मैहर पहुंचेंगे. उप मुख्यमंत्री मैहर में माँ शारदा के दर्शन तथा पूजा-अर्चना करने के बाद सुबह 10 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11 .30 बजे रीवा पहुंचेंगे.

### मुख्य सचिव आज करेंगे समीक्षा

**रीवा.** मुख्य सचिव अनुराग जैन 26 मार्च को शाम 4 बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित बैठक में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे. बैठक में गेंहू उपार्जन, खाद वितरण, प्राकृतिक खेती, एलपीजी की उपलब्धता और वितरण, पेयजल व्यवस्था, जल गंगा संवर्धन अभियान, संकल्प से समाधान अभियान, कानून व्यवस्था तथा सुशासन के बिन्दुओं की समीक्षा की जाएगी. कमिश्नर बीएस जामोद ने संबंधित अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### रानी तालाब में मां भगवती जागरण आज

**रीवा.** नगर विजयादशमी उत्सव समिति रीवा के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौत्र नवरात्र के पावन अवसर पर 26 मार्च को मां कालिका धाम रानी तालाब मंदिर के प्रांगण में मां भगवती का विशाल देवी जागरण का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों द्वारा मां भगवती के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी. उक्त भगवती जागरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे, विशिष्ट अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी एवं नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे होंगे. नगर विजयदशमी उत्सव समिति रीवा के अध्यक्ष प्रकाश तारानी संरक्षक सियाराम गुप्ता महेंद्र सराफ, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित गुड्डू, कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित ने सभी से सांय 7 :00 बजे मां कालिका मंदिर प्रांगण में पहुंचने की अपील की है.

### लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक 30 को

**रीवा.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 30 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है. महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बताया कि बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन, विकास नीति एवं योजना के क्रियान्वयन के साथ ही जिला स्तर पर उद्योगों में आने वाली कठिनाईयों के निराकरण के संबंध में चर्चा की जायेगी.

### फरार आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित

**मऊगंज.** पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने फरार आरोपी रामरक्षा कोल निवासी लोढी की सूचना देने या गिरफ्तारी कराने पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है.

### नगर निगम का साधारण सम्मिलन आज

**रीवा.** नगर पालिक निगम, रीवा का 17वॉ साधारण सम्मिलन 26 मार्च को समय पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम रीवा स्थित परिषद सभाकक्ष में आयोजित किया गया है. साधारण सम्मिलन में विभिन्न एजेंडो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा.

### कृष्णा स्पेयर्स की दुकान में लगी आग

**रीवा.** शहर के विक्रम पुल घोघर क्षेत्र में स्थित कृष्णा स्पेयर्स पार्ट्स की दुकान में देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम प्रशासन की दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुकान के बगल में स्थित एक खाली प्लॉट में जमा कचरे को जलाया गया था. बताया जा रहा है कि इसी दौरान उठी आग की चिंगारी दुकान की दीवार में बने एक होल के जरिए अंदर पहुंच गई. धीरे-धीरे यह चिंगारी आग में तब्दील हो गई, जिससे दुकान के अंदर रखे स्पेयर्स पार्ट्स को काफी नुकसान पहुंचा है. घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम की तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया. राहत की बात यह रही कि आग ज्यादा भड़क नहीं पाई, अन्यथा दुकान से सटी हुई खन्ना इलेक्ट्रॉनिक की दुकान भी इसकी चपेट में आ सकती थी, जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका थी. फिलहाल आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है.

### ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर में स्टेरिंग में फंसा चालक

**रीवा.** रीवा-बैकुंठपुर मार्ग पर सगरा थाना क्षेत्र के रायपुर कर्चुलियान मोड पर बीती रात्रि तकरीबन 8 बजे ट्रक और ट्रैक्टर के बीच हुई सीधी टक्कर में ट्रक चालक 1 घंटे तक ट्रक की स्टेरिंग में फंसा रहा. घटना की सूचना पर पहुंची सग़रा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जेसीबी की मदद से ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाल वाया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा. घटना के संबंध में सग़रा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक बैकुंठपुर से रीवा की ओर जा रहा था जबकि ट्रैक्टर रीवा से सगरा की ओर आ रहा था और रायपुर मोड़ के समीप जैसे ही ट्रैक्टर पहुंचा तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई. इस भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक स्टेरिंग के बीच फंस गया और उसे निकालना मुश्किल हो रहा था जिसके बाद जेसीबी मौके पर बुलाई गई और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक चालक को तकरीबन 1 घंटे बाद ट्रक से बाहर निकल गया.

# हॉस्पिटल के आईसीयू में बेड नहीं फिर भी रीवा में विकास की गंगा : गुरमीत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, संभाग के सबसे बड़े चिकित्सा केंद्र संजय गांधी हॉस्पिटल की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू ने दुख व्यक्त किया है.**



उन्होने कहा कि रीवा जिले की जनता का यह दुर्भाग्य है की संजय गांधी अस्पताल में लोगों को ना तो बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पा रही है और ना ही उन्हें आईसीयू तक में बेड नसीब हो रहा है. उन्होंने कहा कि भले ही रीवा में विकास की गंगा बहाने का दवा लंबे-लंबे भाषणों में होता हो लेकिन उन्हें लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं है.

यदि रीवा जिले की जनता के प्रति मोह होता और उनकी विकास की अवधारणा सही होती तो आज संजय गांधी अस्पताल में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नसीब होती. कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने यह भी कहा कि जब से रीवा में डीन के रूप में डॉक्टर सुनील अग्रवाल की पदस्थापना हुई तब से अस्पताल की व्यवस्था और भी बदतर हो गई.

अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा अपनी चिकित्सीय सेवा अस्पताल में न देकर निजी नर्सिंग होम में देते है. जिस कारण ही संजय गांधी अस्पताल अब नाम का ही रह गया है.



# मऊगंज जिला चिकित्सालय में कलेक्टर ने किया 4 डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 25 मार्च, जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिला चिकित्सालय मऊगंज में नवनिर्मित डायलिसिस यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया. इस नई सुविधा के प्रारंभ होने से अब किडनी रोगों से ग्रसित स्थानीय मरीजों को डायलिसिस के लिए रीवा या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा.**

इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि मऊगंज को जिला बनाए जाने के बाद स्वास्थ्य अधोसंरचना का विस्तार हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया कि डायलिसिस यूनिट का संचालन नियमित एवं व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. डायलिसिस सुविधा शुरू होने से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा और उन्हें घर के समीप ही नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सकेगा. कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मशीनों के रखरखाव और मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए. कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया, बीएमओ डॉ प्रद्युम्न शुक्ला, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ज्योत्सना अग्रवाल सहित चिकित्सक उपस्थित रहे.

# जल संरक्षण के कार्यों में हर विभाग सहभागिता निभाए : जामोद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए विभागवार कार्ययोजना बना दी गई है.**



हर विभाग जल संरक्षण के कार्यों में सहभागिता निभाएं. नदियों के जल ग्रहण क्षेत्रों में वृक्षारोपण, उद्गम स्थलों की साफ-सफाई तथा पुराने जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के कार्य प्राथमिकता से कराएं. कमिश्नर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चिन्हित 90 क्लस्टर में किसानों को प्रशिक्षित करें. इन क्षेत्रों में गोपालन को बढ़ावा दें. नरवाई जलाने की घटना रोकने के लिए भी किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाएं. खाद का वितरण अब केवल ई टोकन के माध्यम से कराएं. सभी किसानों की फार्मर आईडी बनाने तथा उन्हें सहकारी समितियों का सदस्य बनाने पर भी विशेष ध्यान दें. कमिश्नर ने कहा कि मछलीपालन विभाग में सीधी और सिंगरौली जिले में बायोफ्लॉक का निर्माण कराएं. इन जिलों में भौतिक और वित्तीय प्रगति संतोषजनक नहीं है. लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी. बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# शिक्षकों और चिकित्सकों की संख्या बढ़ानी चाहिए : पटेल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, देश की आधी आबादी महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा मे 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के नाम पर लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा की सीटें बढ़ाना देश पर अनावश्यक आर्थिक बोझा डालने जैसा है.**



उक्त आशय का बयान जारी करते हुये कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने केन्द्र सरकार के इस कदम पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि लोकसभा और विधानसभा की सीटें बढ़ाने की बजाय शिक्षकों और चिकित्सकों की संख्या बढ़ानी चाहिये ताकि भारत के आम आदमी को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा तथा नौनिहालों को बेहतर शिक्षा मिल सके. श्री पटेल ने कहा कि शहरी क्षेत्र मे हजार लोगों पर एक डॉक्टर है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों मे तकरीबन 25 से 30 हजार के आबादी के बीच मे एक डॉक्टर है. उन्होने कहा कि 80 फीसदी से अधिक डॉक्टर शहरों मे निवास करते हैं, श्री पटेल ने कहा कि जब देश कर्ज मे डूबा हो तब लोकसभा, विधानसभा और राज्यसभा की सीटे बढ़ाने का औचित्य सफेद हाथी पालने जैसा है.

# छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 तक

रीवा, 25 मार्च, पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं. सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जांय ताकि उनका परीक्षण कर पोर्टल पर अगल चरण हेतु अग्रेषित किया जा सके.

# विकसित भारत-2047 का आधार बनेगी भारतीय ज्ञान परंपरा : कुरारिया

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, प्रधामंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय मॉडल विज्ञान महाविद्यालय, रीवा के गणित एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित ''भारतीय ज्ञान परंपरा और गणित का विकास: अवधारणाएं, योगदान और आधुनिक अनुप्रयोग'' शीर्षक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ.**




देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से पधारे गणितज्ञों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रुप से महत्वपूर्ण बना दिया. मुख्य अतिथियों कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुरारिया, अतिरिक्त संचालक प्रो. आर. पी. सिंह तथा प्राचार्य प्रो. रवीन्द्रनाथ तिवारी का स्वागत किया.कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुरारिया ने भारतीय परंपरा की वैज्ञानिकता पर अत्यंत महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए. उन्होंने पूजा-पद्धतियों में कलश स्थापना, अग्नि की उपस्थिती और जीवन-मरण के संस्कारों में उसकी अनिवार्यता का वैज्ञानिक आधार समझाया. उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल धार्मिक आचरण नहीं बल्कि गहरे वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसे समझने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है.

उन्होने कहा कि भारतीय ज्ञान परपंरा विकसित भारत 2047 का आधार बनेगी. विशेष अतिथि क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक प्रो. आर. पी. सिंह ने कहा कि विकास का मूलाधार ज्ञान ही है, और भारतीय ज्ञान परंपरा हमारे राष्ट्रीय विकास की सबसे मजबूत नींव है. संगोष्ठी के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. डी. पी. शुक्ला ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की. प्राचार्य प्रो. रवीन्द्रनाथ तिवारी ने अपने उद्बोधन में भारत की गणितीय परंपरा की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख किया. तकनीकी सत्र में डॉ एस के पांडे, प्राध्यापक शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मैहर द्वारा गणित एवं भावनात्मक दृढ़ता विषय पर व्याख्यान दिया.

कार्यक्रम में डॉ दीना सुनील, डॉ संदीप खरे अमरकंटक विश्वविद्यालय अनूपपुर, डॉ डीके सिंह, डॉ एस के पांडे शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मैहर, डॉ नीरजा सचान शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना मौजूद रहे.

# व्हीसी के एजेण्डा बिन्दुओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य सचिव द्वारा लिये जाने वाली ऑनलाइन बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की. उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव द्वारा 26 मार्च को व्हीसी के माध्यम से विभिन्न विषयों की समीक्षा की जायेगी.**



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि एजेण्डा बिन्दुओं में आवश्यक प्रगति हो. खाद की उपलब्धता, कामधेनु योजना, पेयजल उपलब्धता सुशासन आदि विषयों पर अपेक्षित प्रगति के निर्देश कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये. कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की दैनिक प्रगति की रिपोर्ट आनलाइन पोर्टल में प्रस्तुत करे. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 26 मार्च को नियत समय में एनआईसी में उपस्थित रहने के निर्देश दिये. बैठक में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# लोक अदालत की छूट 31 तक जारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 25 मार्च, वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में लोक अदालत अंतर्गत दी गई छूट को 31 मार्च 2026 तक यथावत रखा गया है.**

उल्लेखनीय है कि शहर के करदाताओं के पास बकाया कर 31 मार्च 2026 तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब कुछ ही दिन शेष हैं. 1 अप्रैल 2026 से समस्त बकाया करों की राशि पर दोगुना प्रभाव लागू हो जाएगा. निगम आयुक्त द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे 31 मार्च तक अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार एवं अप्रिय कार्यवाही से बचें. समय पर बकाया कर जमा करे.

# सलाहकार समिति की बैठक आज

रीवा, 25 मार्च, स्वास्थ्य विभाग के तहत गठित पीसी एण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक 26 मार्च को आयोजित की गयी. बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभागार में दोपहर बाद 3 बजे आरंभ होगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है.